Prepp
Your Personal Exams Guide

## UGC NET PAPER 2 DECEMBER 27, 2015 SHIFT 1 LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** The Class Index entries which are derived from the class number of a document in classified catalogue are based upon :

(1) Unsought Links (2) Missing Links (3) False Links (4) Sought Links

**2.** Mode of formation of subject 'Oceanography' is :

(1) Distilization (2) Cluster

(3) Agglomeration (4) Loose Assemblage

**3.** 'Half-life' in Information Science relates to :

(1) Rate of obsolescence (2) Rate of growth

(3) Degree of scatter (4) Information explosion

**4.** As per Indian Copyright Law, Copyright is granted for (Literary Work) :

(1) Fifty years after the book is published

(2) Fifty years after the death of the author

(3) Sixty years after the book is published

(4) Sixty years after the death of the author

**5.** Who chaired the Committee set up in October 1984 to formulate the 'National Policy for Library and Information System' constituted by the Dept. of Culture, Govt. of India ?

(1) Dr. S.R. Ranganathan (2) Dr. C.D. Deshmukh

(3) B.S. Kesavan (4) Prof. D.P. Chattopadhya

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** वर्ग अनुक्रमणिका जो किसी प्रलेख की वर्ग संख्या से प्राप्त होती है, निम्नलिखित में से किस पर आधारित है?

(1) अवांछित कड़ी (2) गुम कड़ी (3) मिथ्या कड़ी (4) वांछित कड़ी

**2.** समुद्रविज्ञान विषय के निर्माण की विधि है :

(1) आसवनीकरण (2) समूहन

(3) संकुलन (4) शिथिल समुच्चय

**3.** सूचना विज्ञान में 'हाफ-लाइफ' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(1) अप्रचलन की दर (2) विकास की दर

(3) बिखरने का परिमाण (4) सूचना विस्फोट

**4.** भारतीय प्रतिलिप्याधिकार कानून के अनुसार, (साहित्यिक कृतियों) प्रतिलिप्याधिकार निम्नलिखित अवधि के लिये प्रदान किया जाता है :

(1) पुस्तक के प्रकाशन के बाद पचास वर्ष तक।

(2) लेखक की मृत्यु के बाद पचास वर्ष तक।

(3) पुस्तक की प्रकाशन के बाद साठ वर्ष तक।

(4) लेखक की मृत्यु के बाद साठ वर्ष तक।

**5.** 'राष्ट्रीय पुस्तकालय तथा सूचना प्रणाली नीति' निर्माण हेतु संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा अक्तूबर 1984 में गठित समिति की अध्यक्षता किसने की थी?

(1) डॉ. एस.आर. रंगनाथन (2) डॉ. सी.डी. देशमुख

(3) बी.एस. केसवन (4) प्रो. डी.पी. चट्टोपाध्याय

6. Ratnasagar, Ratnaranjaka and Ratnodadhi Library buildings were the part of :

(1) Vikramashila Learning Centre (2) Takshashila Learning Centre

(3) Nalanda Learning Centre (4) Vallabhi Learning Centre

7. What type of information sources are Almanacs ?

(1) Ready Reference (2) Dictionary

(3) Directory (4) Bibliographics

8. Which of the following is not an essential feature of a e-book ?

(1) Mostly cost effective (2) Scope for online purchase

(3) Search information at ease (4) Access at slow pace

9. A database contains 100 records on a particular topic. A search was conducted and 80 records were retrieved. Of the 80 records retrieved, 60 were relevant. What is the recall ?

(1) 60 (2) 75 (3) 45 (4) 80

10. Who was the teacher of S.R. Ranganathan at London ?

(1) J.D. Brown (2) A. Panizzi (3) W.B.C. Sayers (4) Melvil Dewey

11. The seven basic statistical tools for quality control was advocated by :

(1) Joseph Jurnan (2) Phillip Kotler (3) Kauro Ishikawa (4) C.A. Cutter

12. Which layer of 'OSI' Model occurs between 'Network' and 'Physical' ?

(1) Data Link (2) Transport (3) Session (4) Presentation

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** रत्नसागर, रत्नरंजक तथा रत्नोदधि पुस्तकालय भवन __________ के भाग थे।

(1) विक्रमशिला शिक्षा-प्राप्ति केंद्र
(2) तक्षशिला शिक्षा-प्राप्ति केंद्र
(3) नालंदा शिक्षा-प्राप्ति केंद्र
(4) वल्लभि शिक्षा-प्राप्ति केंद्र

**7.** पंचांग किस प्रकार का सूचना स्रोत हैं?

(1) त्वरित संदर्भ
(2) शब्दकोश
(3) निर्देशिका
(4) ग्रंथपरक

**8.** निम्नलिखित में से कौन ई-बुक की अनिवार्य विशेषता नहीं है?

(1) अधिकांशत: लागत प्रभावी
(2) ऑनलाइन खरीदने की सुविधा
(3) आसानी से जानकारी ढूँढ पाना
(4) मंद गति से पहुँच

**9.** किसी डाटाबेस में किसी एक विषय पर 100 अभिलेख होते हैं और खोज की जाने पर 80 अभिलेख पुन: प्राप्त किये जाते हैं। पुन: प्राप्त किये गये 80 अभिलेखों में 60 प्रासंगिक हैं, तो इसका प्रत्याह्वान क्या है?

(1) 60
(2) 75
(3) 45
(4) 80

**10.** लन्दन में एस.आर. रंगनाथन के शिक्षक कौन थे?

(1) जे.डी. ब्राउन
(2) ए. पनिज्जी
(3) डब्ल्यू.बी.सी. सेयर्स
(4) मेलविल डीवी

**11.** गुणवत्ता नियंत्रण हेतु सात मूलभूत सांख्यिकीय उपकरण का समर्थन किया था :

(1) जोसेफ जुर्नन ने
(2) फिलिप कोटलर ने
(3) कावरु इशीकावा ने
(4) सी.ए. कटर ने

**12.** 'ओ.एस.आई.' प्रतिरूप की कौन-सी सतह 'नेटवर्क' तथा 'भौतिक' के बीच अवस्थित है?

(1) डाटा लिंक
(2) अन्तरण
(3) सत्र
(4) प्रस्तुति

13. 'Number Twenty (20)' is represented in binary digit as :

(1) 00111100 (2) 00001010 (3) 0001110 (4) 00010100

14. Action research is :

(1) An applied research

(2) A Longitudinal research

(3) A research carried out to solve immediate problems

(4) Simulative research

15. Lotka's Law relates to :

(1) Scattering of Periodicals (2) Obsolescence of Literature

(3) Seepage of Information (4) Scientific Productivity

16. According to Dr. S.R. Ranganathan 'Library Civics and Hygiene' means :

(a) Library behaviour (b) Library Layout

(c) Physique of Book (d) Care of Book

**Codes :**

(1) (a), (b) and (d) are correct. (2) (d), (b) and (c) are correct.

(3) (a), (c) and (d) are correct. (4) (a), (b) and (c) are correct.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** द्विआधारी अंक में 'अंक बीस (20)' इस प्रकार निरूपित किया जाता है :

(1) 00111100 (2) 00001010 (3) 0001110 (4) 00010100

**14.** क्रियात्मक अनुसंधान है :

(1) प्रायोगिक अनुसंधान

(2) अनुदैर्ध्य अनुसंधान

(3) तात्कालिक समस्याओं के समाधान हेतु किया गया अनुसंधान

(4) छद्‌म भाषा अनुसंधान

**15.** लोटका का सूत्र निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(1) पत्रिकाओं का प्रकीर्णन (बिखराव) (2) साहित्य का अप्रचलन

(3) सूचना की रिसाव (4) वैज्ञानिक उत्पादकता

**16.** डॉ. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार 'पुस्तकालय नागरिक शास्त्र और स्वास्थ्य विज्ञान' से आशय है :

(a) पुस्तकालय व्यवहार (b) पुस्तकालय लेआउट

(c) पुस्तक का आकार (d) पुस्तकों की देखभाल

**कूट :**

(1) (a), (b) और (d) सही हैं। (2) (d), (b) और (c) सही हैं।

(3) (a), (c) और (d) सही हैं। (4) (a), (b) और (c) सही हैं।

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** Which of the following are not the Working Groups under National Mission on Libraries ?

(a) National Census of Libraries, Content Creation and Community Information Centres.

(b) Setting up of National Virtual Library, Networking and ICT Applications in Libraries.

(c) Library and Information Science Research, Development and Accreditation.

(d) Upgradation of the Existing Academic Libraries, University and Research Libraries.

**Codes :**

(1) (a), (b) are correct. (2) (b), (c) are correct.

(3) (c), (d) are correct. (4) (a), (d) are correct.

**18.** Which among the following are true about publication element of ISBN ?

(a) Variable Length (b) Upto 5′ digits (c) Fixed Length (d) Upto 6 digits

**Codes :**

(1) (a), (d) are correct. (2) (a), (b), (d) are correct.

(3) (b), (c), (d) are correct. (4) (a), (c) are correct.

**19.** Which of the following are uses of work analysis ?

(a) Simplifying the procedures (b) Line of authority

(c) Improvement in various processes (d) Unity of Command

**Codes :**

(1) (b), (d) are correct. (2) (a), (b), (c) are correct.

(3) (a), (d) are correct. (4) (a), (c) are correct.

**20.** Which of the following are Impact Printers ?

(a) Inkjet (b) Line (c) Dot Matrix (d) Laser

**Codes :**

(1) (b), (c) are correct. (2) (a), (b), (c) are correct.

(3) (a), (d) are correct. (4) (c), (d) are correct.

17. निम्नलिखित में से कौन 'नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरिज' के अंतर्गत कार्य समूह नहीं है?

(a) पुस्तकालय, विषयवस्तु सृजन तथा समुदाय सूचना केंद्रों की राष्ट्रीय गणना।

(b) राष्ट्रीय आभासी पुस्तकालय की स्थापना तथा पुस्तकालयों में नेटवर्किंग तथा सूचना संचार प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग।

(c) पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान शोध, विकास और प्रत्यायन।

(d) वर्तमान शैक्षणिक पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय तथा शोध पुस्तकालयों का उन्नयन।

**कूट :**

(1) (a) और (b) सही हैं।
(2) (b) और (c) सही हैं।
(3) (c) और (d) सही हैं।
(4) (a) और (d) सही हैं।

18. निम्न में से कौन आई.एस.बी.एन. के प्रकाशन तत्व के बारे में सही हैं?

(a) परिवर्ती लम्बाई (b) 5 अंकों तक (c) नियत लम्बाई (d) 6 अंकों तक

**कूट :**

(1) (a) और (d) सही हैं।
(2) (a), (b) और (d) सही हैं।
(3) (b), (c) और (d) सही हैं।
(4) (a) और (c) सही हैं।

19. निम्नलिखित में से कौन कार्य विश्लेषण के लिए उपयोग हैं?

(a) प्रक्रियाओं का सरलीकरण
(b) प्राधिकार की रेखा
(c) विभिन्न प्रक्रियाओं में सुधार
(d) कमान की एकता

**कूट :**

(1) (b), (d) सही हैं।
(2) (a), (b), (c) सही हैं।
(3) (a), (d) सही हैं।
(4) (a), (c) सही हैं।

20. निम्न में से कौन इम्पैक्ट प्रिंटर्स हैं?

(a) इंकजेट (b) लाइन (c) डॉट मैट्रिक्स (d) लेजर

**कूट :**

(1) (b), (c) सही हैं।
(2) (a), (b), (c) सही हैं।
(3) (a), (d) सही हैं।
(4) (c), (d) सही हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Following are some of the problems with "Difficult Materials" usually faced by the users as advocated by Dr. S.R. Ranganathan :

(a) Books with different numbers.

(b) Books with different styles and standards.

(c) Books in various forms of exposition.

(d) Books with different sizes and colours.

**Codes :**

(1) (a) and (c) are correct.
(2) (b) and (d) are correct.
(3) (c) and (d) are correct.
(4) (b) and (c) are correct.

**22.** According to Dr. S.R. Ranganathan, which of the following items are not considered as fugitive materials ?

(a) Newspaper-clippings
(b) Books
(c) Pamphlets
(d) Reports

**Codes :**

(1) (a) and (c) are correct.
(2) (b) and (d) are correct.
(3) (a) and (b) are correct.
(4) (b) and (c) are correct.

**23.** Which of the following are the demerits of MBO System ?

(a) Superior-subordinate relationships
(b) Over simplification
(c) More coordination
(d) All variables are not taken into account

**Codes :**

(1) (a) and (b) are correct.
(2) (a) and (d) are correct.
(3) (b) and (c) are correct.
(4) (b) and (d) are correct.

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** डॉ. एस.आर. रंगनाथन के प्रतिपादन के अनुसार, उपयोक्ताओं के द्वारा सामान्यत: उपयोग किये जा रहे अधोलिखित कौन ''कठिन सामग्रियाँ'' हैं?

(a) भिन्न-भिन्न संख्याओं वाली पुस्तकें।

(b) भिन्न-भिन्न शैलियों तथा मानकों वाली पुस्तकें।

(c) भिन्न-भिन्न रूपों में प्रतिपादित पुस्तकें।

(d) भिन्न-भिन्न आकार और रंगों वाली पुस्तकें।

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं।
(2) (b) और (d) सही हैं।
(3) (c) और (d) सही हैं।
(4) (b) और (c) सही हैं।

**22.** डॉ. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी सामग्री अचिर सामग्री नहीं मानी जाती है?

(a) समाचार पत्र कतरनें
(b) पुस्तकें
(c) पैम्फलेट
(d) प्रतिवेदन

**कूट :**

(1) (a) और (c) सही हैं।
(2) (b) और (d) सही हैं।
(3) (a) और (b) सही हैं।
(4) (b) और (c) सही हैं।

**23.** निम्नलिखित में से कौन एम.बी.ओ. प्रणाली के दोष हैं?

(a) वरिष्ठ-अधीनस्थ संबंध
(b) अति सरलीकरण
(c) अधिक समन्वय
(d) सभी चरों को ध्यान में नहीं रखा गया

**कूट :**

(1) (a) और (b) सही हैं।
(2) (a) और (d) सही हैं।
(3) (b) और (c) सही हैं।
(4) (b) और (d) सही हैं।

Prepp Your Personal Exam Guide

**24.** In Classified Catalogue Code of Ranganathan the conflict of authorship includes :

(a) Person versus Person
(b) Person versus Corporate body
(c) Government versus Institution
(d) Person versus Publisher

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c) are correct.
(2) (a), (b) and (d) are correct.
(3) (b), (c) and (d) are correct.
(4) (d), (c) and (a) are correct.

**25.** Which of the services are being offered by National Library, Kolkata ?

(a) Lending
(b) Bibliographic
(c) NL connect
(d) Online reference services

**Codes :**

(1) (a), (b) are correct.
(2) (a), (d) are correct.
(3) (b), (d) are correct.
(4) (c), (d) are correct.

**26.** Which of the following are the level of problems in communication process identified by Warren Weaver ?

(a) Technical
(b) Semantic
(c) Effective
(d) Interpreter

**Codes :**

(1) (a), (c), (d) are correct.
(2) (a), (b), (c) are correct.
(3) (b), (c), (d) are correct.
(4) (a), (b), (d) are correct.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** रंगनाथन के क्लासिफाइड केटलॉग कोड में लेखकीय द्वन्द्व में शामिल हैं :

(a) व्यक्ति बनाम व्यक्ति
(b) व्यक्ति बनाम कार्पोरेट निकाय
(c) सरकार बनाम संस्थान
(d) व्यक्ति बनाम प्रकाशक

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) सही हैं।
(2) (a), (b) और (d) सही हैं।
(3) (b), (c) और (d) सही हैं।
(4) (d), (c) और (a) सही हैं।

**25.** राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी सेवाएं प्रदान की जाती हैं?

(a) पुस्तक परिदाय
(b) ग्रंथपरक
(c) राष्ट्रीय पुस्तकालय (एन.एल.) संयोजन
(d) ऑन लाईन संदर्भ सेवाएं

**कूट :**

(1) (a) और (b) सही हैं।
(2) (a) और (d) सही हैं।
(3) (b) और (d) सही हैं।
(4) (c) और (d) सही हैं।

**26.** निम्नलिखित में से कौन वारेन वीवर द्वारा पहचान किये गये संचार प्रक्रिया में बाधाओं के स्तर हैं?

(a) तकनीकी
(b) अर्थपरक
(c) प्रभावकारी
(d) भाषांतरकार

**कूट :**

(1) (a), (c), (d) सही हैं।
(2) (a), (b), (c) सही हैं।
(3) (b), (c), (d) सही हैं।
(4) (a), (b), (d) सही हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Which of the following are special features of geographical sources ?

(a) scale (b) revision (c) rpm (d) projections

**Codes :**

(1) (a) and (d) are correct. (2) (a) and (b) are correct.

(3) (c) and (d) are correct. (4) (a) and (c) are correct.

**28.** Arrange in sequence the evolution of Intel Processors :

(a) Pentium (b) 8008 (c) 486 TM CPU (d) 80286

**Codes :**

(1) (d), (b), (c), (a) (2) (b), (d), (c), (a)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (a), (d), (b), (c)

Prepp Your Personal Exams Guide

**29.** Arrange in sequence the basic components of MBO system :

(a) Conducting reviews (b) Setting objectives

(c) Appraising performance (d) Developing action plans

**Codes :**

(1) (b), (a), (c) and (d) (2) (b), (d), (a) and (c)

(3) (a), (b), (d) and (c) (4) (c), (a), (d) and (b)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** निम्नलिखित में से कौन भौगोलिक स्त्रोतों की विशिष्ट विशेषताएं हैं ?

(a) अनुमाप (b) संशोधन

(c) घूर्णन प्रति मिनट (आर.पी.एम.) (d) प्रक्षेप

**कूट :**

(1) (a) और (d) सही हैं। (2) (a) और (b) सही हैं।

(3) (c) और (d) सही हैं। (4) (a) और (c) सही हैं।

**28.** इन्टेल प्रोसेसर्स के विकास को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) पेंटियम (b) 8008 (c) 486 टी.एम. सी.पी.यू. (d) 80286

**कूट :**

(1) (d), (b), (c), (a) (2) (b), (d), (c), (a)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (a), (d), (b), (c)

**29.** एम.बी.ओ. प्रणाली के मूलभूत संघटकों को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) समीक्षा करना (b) उद्देश्य निर्धारित करना

(c) निष्पादन का मूल्यांकन करना (d) कार्य योजनाएं विकसित करना

**कूट :**

(1) (b), (a), (c) और (d) (2) (b), (d), (a) और (c)

(3) (a), (b), (d) और (c) (4) (c), (a), (d) और (b)

**30.** Arrange the following in chronological order :

(a) ISBD (b) MARC (c) CCF (d) RDA

**Codes :**

(1) (a), (c), (d), (b) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (d), (a), (b), (c)

**31.** Arrange the following Public Libraries Acts according to their year of enactment :

(a) Maharashtra Public Libraries Act (b) Karnataka Public Libraries Act

(c) Odisha Public Libraries Act (d) Mizoram Public Libraries Act

**Codes :**

(1) (c), (a), (b), (d) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (a), (b), (d), (c) (4) (b), (a), (d), (c)

**32.** Identify the **correct** sequence according to the year of first publication :

(1) Library and Information Science Abstract, Biological Abstract, Chemical Abstract

(2) Chemical Abstract, Biological Abstract, Library and Information Science Abstract

(3) Biological Abstract, Chemical Abstract, Library and Information Science Abstract

(4) Chemical Abstract, Library and Information Science Abstract, Biological Abstract

**30.** निम्नलिखित को सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) आई.एस.बी.डी. (b) मार्क (c) सी.सी.एफ. (d) आर.डी.ए.

**कूट :**

(1) (a), (c), (d), (b) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (d), (a), (b), (c)

**31.** निम्नलिखित सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियमों को उनके अधिनियमन वर्ष के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) महाराष्ट्र सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम (b) कर्नाटक सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम

(c) उड़ीसा सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम (d) मिजोरम सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम

**कूट :**

(1) (c), (a), (b), (d) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (a), (b), (d), (c) (4) (b), (a), (d), (c)

**32.** निम्नलिखित को उनके प्रथम प्रकाशन वर्षानुसार **सही** क्रम को पहचानिये :

(1) लाइब्रेरी एण्ड इनफार्मेशन साइंस एब्सट्रैक्ट, बायलॉजिकल एब्सट्रैक्ट, केमिकल एब्सट्रैक्ट

(2) केमिकल एब्सट्रैक्ट, बायलॉजिकल एब्सट्रैक्ट, लाइब्रेरी एण्ड इनफार्मेशन साइंस एब्सट्रैक्ट

(3) बायलॉजिकल एब्सट्रैक्ट, केमिकल एब्सट्रैक्ट, लाइब्रेरी एण्ड इनफार्मेशन साइंस एब्सट्रैक्ट

(4) केमिकल एब्सट्रैक्ट, लाइब्रेरी एण्ड इनफार्मेशन साइंस एब्सट्रैक्ट, बायलॉजिकल एब्सट्रैक्ट

**33.** Arrange the following publications of S.R. Ranganathan in their year of first publication :

(a) Reference Service (b) Colon Classification

(c) Five Laws of Library Science (d) Prolegomena to Library Classification

**Codes :**

(1) (c), (a), (b), (d) (2) (a), (b), (d), (c)

(3) (c), (b), (d), (a) (4) (b), (c), (a), (d)

**34.** Match the following :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Indcat | (i) | Access for e-resources |
| (b) | Shodhganga | (ii) | Digital Library Consortium |
| (c) | N-list | (iii) | Indian ETD repository |
| (d) | UGC Infonet | (iv) | Online Union Catalogue of Indian Universities |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**35.** Match the following :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Rules for Dictionary Catalogue | (i) | S.R. Ranganathan |
| (b) | PMEST | (ii) | Kaiser |
| (c) | Systematic Indexing | (iii) | Cutter |
| (d) | Nested Phrase Indexing System | (iv) | T.C. Carven |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** एस.आर. रंगनाथन के निम्नलिखित प्रकाशनों को उनके पहले प्रकाशित होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) रेफरेन्स सर्विस
(b) कोलन क्लासीफिकेशन
(c) फाइव लॉज ऑफ लाईब्रेरी साइंस
(d) प्रोलेगोमेना टू लाईब्रेरी क्लासीफिकेशन

**कूट :**

(1) (c), (a), (b), (d)
(2) (a), (b), (d), (c)
(3) (c), (b), (d), (a)
(4) (b), (c), (a), (d)

**34.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) इन्डकेट | (i) ई-संसाधनों हेतु पहुँच |
| (b) शोधगंगा | (ii) अंकीय पुस्तकालय सहायता संघ |
| (c) एन-लिस्ट | (iii) इंडियन ई.टी.डी. रिपोसिटरी |
| (d) यू.जी.सी. इन्फोनेट | (iv) भारतीय विश्वविद्यालयों की ऑन लाईन संघ सूची पत्र |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**35.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) रूल्स फॉर डिक्शनरी कैटलॉग | (i) एस.आर. रंगनाथन |
| (b) पी.एम.ई.एस.टी. | (ii) केशर |
| (c) सिस्टेमेटिक इंडेक्सिंग | (iii) कटर |
| (d) नेस्टेड फ्रेज इंडेक्सिंग सिस्टम | (iv) टी.सी. कारवेन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

36. Match the following :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Likert type | (i) | Test of significance of the difference between variables |
| (b) | Chi-square | (ii) | Test of Measurement |
| (c) | ANOVA | (iii) | Summation Scale |
| (d) | Test of Validity | (iv) | Test of significance |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

37. Match the following :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Turnitin | (i) | Electronic Resource Management Software |
| (b) | Drupal | (ii) | Usage Statistics Software |
| (c) | CORAL | (iii) | Antiplagiarism Software |
| (d) | SUSHI | (iv) | Content Management Software |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | लिकार्ट प्रकार | (i) | चरों के मध्य अंतर की महत्ता की जांच |
| (b) | काई-स्क्वायर | (ii) | मापन की जांच |
| (c) | अनोवा | (iii) | संकलन पैमाना |
| (d) | वैधता की जांच | (iv) | महत्ता की जांच |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**37.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | टर्नटिन | (i) | इलेक्ट्रॉनिक संसाधन प्रबंधन साफ्टवेअर |
| (b) | द्रुपल | (ii) | उपयोग सांख्यिकीय साफ्टवेअर |
| (c) | कोरल | (iii) | साहित्यिक चोरी निवारक साफ्टवेअर |
| (d) | सुशी | (iv) | विषयवस्तु प्रबंधन साफ्टवेअर |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

38. Match the following :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Nadir to Ascendant | (i) | Verification phase |
| (b) | Ascendant to Zenith | (ii) | Deductive phase |
| (c) | Zenith to Descendant | (iii) | Hypothesing phase |
| (d) | Descendant to Nadir | (iv) | Empirical phase |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

39. Match the following Intellectual Property Rights Acts of India with the year of their enactment :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | The Design Act | (i) | 1970 |
| (b) | The Copyright Act | (ii) | 1958 |
| (c) | The Trade and Merchandise Mark Act | (iii) | 1911 |
| (d) | The Patents Act | (iv) | 1957 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अधोबिंदु से आरोही | (i) | सत्यापन चरण |
| (b) | आरोही से शीर्षबिंदु | (ii) | निगमनात्मक चरण |
| (c) | शीर्षबिंदु से अवरोही | (iii) | परिकल्पनात्मक चरण |
| (d) | अवरोही से अधोबिंदु | (iv) | प्रायोगिक चरण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**39.** निम्नलिखित भारत के बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियमों को उनके अधिनियम के वर्ष से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | डिजाइन अधिनियम | (i) | 1970 |
| (b) | प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम | (ii) | 1958 |
| (c) | व्यापार और पण्य वस्तु चिह्न अधिनियम | (iii) | 1911 |
| (d) | पेटेंट अधिनियम | (iv) | 1957 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. **Assertion (A) :** Inter-library loan services are still a necessity in the information explosion regime.

**Reason (R) :** None of the libraries are self sufficient with respect to their holding.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** true.

(2) **(A)** is true and **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are false.

(4) **(A)** is false and **(R)** is true.

41. **Assertion (A) :** Open Access Publication Model involves zero cost.

**Reason (R) :** Open Access increases the visibility of the publication, as they are available to the users for free.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true.

(2) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(3) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

42. **Assertion (A) :** Controlled Vocabulary based on Indexing requires intellectual ability to assign keywords to the thought contents of the documents in such a way that these selected terms could effectively represent the contents.

**Reason (R) :** Retrieval Systems based on Natural Language-based Indexing such as Google gives maximum precision.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true.

(2) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(3) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. **अभिकथन (A) :** अन्तर ग्रन्थालय ऋण सेवाएं आज के सूचना विस्फोट के युग में अभी भी आवश्यक है।

**तर्क (R) :** कोई भी पुस्तकालय अपने संग्रह के संबंध में आत्मनिर्भर नहीं है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

41. **अभिकथन (A) :** अबाध पहुँच प्रकाशन प्रतिरूप में शून्य लागत होती है।

**तर्क (R) :** अबाध पहुँच प्रकाशनों की उपलब्धता को बढ़ाती है, क्योंकि वे उपयोगकर्ताओं को नि:शुल्क उपलब्ध होते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

Prepp
Your Personal Exam Guide

42. **अभिकथन (A) :** अनुक्रमणीकरण पर आधारित नियंत्रित शब्दावली के लिये बौद्धिक योग्यता की अपेक्षा होती है ताकि प्रलेखों की विचार विषय-वस्तु में मुख्य शब्दों को इस प्रकार नियत किया जाय ताकि ये चयनित शब्द विषय को प्रभावी ढंग से निरूपित कर सकें।

**तर्क (R) :** प्राकृतिक भाषा आधारित अनुक्रमणीकरण पुन:प्राप्ति प्रणालियां जैसे गूगल से अधिकतम परिशुद्धता प्राप्त होती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. **Assertion (A) :** Buying e-Journals are advantageous to a Library as Librarians do not have to follow up the missing issues.

**Reason (R) :** Perpetual access takes care of missing issues.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true.

(2) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(3) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

44. **Assertion (A) :** The Product of the relative frequency of occurrence of a word and its rank is equal to a constant.

**Reason (R) :** The above statement is known as Bradford's Law of scattering.

**Codes :**

(1) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(2) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

45. **Assertion (A) :** Most of the institutions around the world use 'impact factors' for measuring institutional productivity.

**Reason (R) :** All the articles published in an 'Impact factor' Journals will be of equal quality.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true.

(2) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(3) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. **अभिकथन (A) :** ई-जर्नलों को खरीदना पुस्तकालय के लिये लाभदायक है, क्योंकि पुस्तकाध्यक्षों को खोये हुए अंकों की प्राप्ति हेतु प्रयास नहीं करना होता है।

**तर्क (R) :** सतत् अभिगम खोए हुए अंकों का ध्यान रखती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

44. **अभिकथन (A) :** किसी शब्द के होने की सापेक्ष आवृत्ति और इसकी रैंक का गुणनफल स्थिरांक के समान होता है।

**तर्क (R) :** उपर्युक्त कथन बिखराव के ब्रैडफोर्ड सूत्र से जाना जाता है।

**कूट :**

(1) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

(2) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

45. **अभिकथन (A) :** पूरी दुनिया के अधिकांश संस्थान संस्थागत उत्पादकता मापने हेतु 'प्रभाव कारक' का उपयोग करते हैं।

**तर्क (R) :** 'इम्पैक्ट फैक्टर' जर्नल में प्रकाशित सभी लेख समान गुणवत्ता वाले हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the passage given below and answer the questions based on your understanding of the passage (Questions No. **46-50**).

The vital role played by information and communication technologies in the development of digital environment revolutionized the way libraries handle information for centuries. The ICTs offer increased efficiency in terms of time, human resources and cost; improved quality of information, greater flexibility and responsiveness, increased access and sharing, enhanced degree of user interaction to specific information, review and modify the needs as per the situation. More specifically the Internet takes firm roots in information storage, processing and dissemination and provides global access. The users prefer the ease of use, portability, affordability and access to a wide range of subjects on the net over the rule bound library environment. However, on the other hand, electronic environment is not rosy, as it appears to be. The major issue is content organization. The information is poorly structured on the web while libraries have successful methods for information processing and retrieval. The content mapping, semantic web and ontology are under experimental stages for the purpose of effective organization and retrieval of web resources. Hence, users are apparently in need of librarians to assist them to access pertinent and precise information. Therefore it is high time for library professionals to remodel themselves and act as aggregators, and know-ledge managers through web based services tailor-made to the user information requirements. In this context, Six Sigma applications have an immense value.

Service is the ability of an organisation to constantly and consistently exceed the customer's expectations. Improving customer service in libraries involves making a commitment to assess users' needs and developing action plans that implement user friendly processes. LICs are implementing the same through user studies or surveys to ascertain the level of user satisfaction, seek their opinions and suggestions and improve their service base based on the findings. However, they are not documenting the policies, processes, procedures and important tools of these programmes. Further, they don't have a mechanism to identify the latent and dormant users and their needs. This shows that there is a necessity to apply proved management techniques like Six Sigma to analyse the current service programmes and to suggest for their improvement. It is a fact that there is vast difference between the desired and perceived information needs of library users. The traditional metrics have limitations and hence adoption of Six Sigma is useful as it measures quality capability.

**46.** What is the impact of ICTs on Library and Information Centres ?

(1) All libraries are digitized
(2) Increased manpower
(3) Improved Finances
(4) Enhanced information access and sharing

**47.** What is the user's preference in networked environment ?

(1) Exhaustive information
(2) Access to diversified information at ease.
(3) Cost effective information
(4) Both (1) and (3)

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित को पढ़िए और उसके बोधन के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रश्न संख्या **46-50**)।

अंकीय पर्यावरण के विकास में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका से सदियों से पुस्तकालयों द्वारा सूचना के संचालन के तरीकों में क्रांति आ गयी। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी समय, मानव संसाधन और लागत; सूचना की उन्नत गुणवत्ता अधिक लचीलापन तथा अनुक्रियाशीलता, संवर्धित पहुँच तथा भागीदारी, विशेष सूचना के प्रति प्रयोक्ता का अधिक संवाद के पदों में उन्नत दक्षता प्रदान करती है तथा स्थिति के अनुसार आवश्यकताओं की समीक्षा और उसमें संशोधन करती है। अधिक विशिष्ट रूप से इन्टरनेट सूचना को एकत्र करने, उसके प्रक्रियाकरण तथा प्रसार करने में मजबूत जड़ें तैयार करता है तथा सार्वभौमिक पहुँच की सुविधा प्रदान करता है। प्रयोक्ता पुस्तकालय के नियम से बंधे माहौल की अपेक्षा नेट पर अनेक विषयों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त करने की पहुँच नेट की सुवाह्यता, इसके किफायती होने को अधिक पसंद करता है। परंतु इलेक्ट्रानिक वातावरण भी उतना सुखद नहीं है, जितना यह प्रतीत होता है। मुख्य मुद्दा विषय वस्तु संगठन का है। वेब पर जानकारी की संरचना असंतोषजनक होती है जबकि पुस्तकालयों में सूचना प्रक्रियाकरण तथा पुन:प्राप्ति सफल विधियां हैं। विषय मानचित्रण, अर्थविषय वेब तथा मीमांसा, वेब संसाधनों के प्रभावकारी संगठन तथा पुन:प्राप्ति के उद्देश्य हेतु प्रयोगात्मक चरण में हैं। अत: प्रयोक्ता को स्पष्टत: संगत एवं सटीक जानकारी की पहुँच हेतु पुस्तकाध्यक्षों की आवश्यकता होती है। अत: यही समय है कि पुस्तकालय व्यवसायियों को अपने आपको नये आदर्श में ढ़ालें तथा प्रयोक्ता की सूचना जरूरतों के अनुसार वेब आधारित सेवाएं प्रदान कर संकलनकर्ता तथा ज्ञान प्रबंधक के रूप में कार्य करें। इस संदर्भ में सिक्स सिग्मा अनुप्रयोगों का काफी महत्व है।

ग्राहकों की अपेक्षाओं से भी अधिक मात्रा में सतत् एवं अनवरत रूप से सेवा प्रदान करने की किसी संगठन की क्षमता ही सेवा है। पुस्तकालयों में ग्राहकों की सेवा में सुधार में प्रयोक्ता की आवश्यकताओं के मूल्यांकन की प्रतिबद्धता तथा प्रयोक्ता अनुकूल प्रक्रियाओं को लागू करने वाली कार्य योजनाओं का विकास शामिल है। इसी को पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र प्रयोक्ता संतुष्टि का स्तर निर्धारित करने हेतु प्रयोक्ता अध्ययन अथवा सर्वेक्षण द्वारा लागू करता है तथा निष्कर्षों के आधार पर उनकी सेवाओं में सुधार हेतु उनके विचारों एवं सुझाओं को आमंत्रित करता है। परन्तु वे इन कार्यक्रमों की नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रविधियों तथा महत्वपूर्ण उपकरणों का प्रलेखन नहीं कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अप्रकट तथा प्रसुप्त प्रयोक्ताओं एवं उनकी जरूरतों की पहचान हेतु उनके पास कोई तंत्र नहीं है। यह दर्शाता है कि सिक्स सिग्मा जैसे सिद्ध प्रबंधन तकनीकों को लागू किये जाने की आवश्यकता है ताकि वर्तमान सेवा कार्यक्रमों का विश्लेषण किया जा सके तथा उनके सुधार में सुझाव दिया जा सके। यह सच है कि पुस्तकालय प्रयोक्ताओं की वांछित तथा एहसासशुदा जानकारी के बीच भारी अंतर है। पारंपरिक मापशास्त्र की सीमाएं हैं, अत: सिक्स सिग्मा को अपनाया जाना उपयोगी है क्योंकि यह गुणवत्ता क्षमता को मापता है।

**46.** ग्रंथालय तथा सूचना केंद्रों पर सूचना संचार प्रौद्योगिकी का क्या प्रभाव है?

(1) सभी पुस्तकालय डिजिटलीकृत है
(2) वर्धित जनशक्ति
(3) उन्नत वित्त
(4) वर्धित सूचना पहुँच एवं साझेदारी

**47.** नेटवर्क के वातावरण में प्रयोक्ता की प्राथमिकता क्या है?

(1) व्यापक सूचना
(2) आसानी से विविध सूचना की पहुँच
(3) लागत-प्रभावि सूचना
(4) (1) और (3) दोनों

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**48.** Why do the user needs assistance from librarian to access information on the Web ?

(1) Semantically connected
(2) Ontologically structured
(3) Poorly structured
(4) Inaccurate information

**49.** What is to be done to improve customer service in Library and Information Centres ?

(1) Assess user needs
(2) User friendly processes
(3) Strategic policies
(4) Both (1) and (2)

**50.** How Six Sigma does lead to quality service in libraries ?

(1) Assess the quality of service.
(2) Perceives user needs.
(3) Suggests tools and techniques to organize data.
(4) Provides tailor made services.

Prepp Your Personal Exam Guide

- o 0 o -

**48.** वेब पर जानकारी की पहुँच हेतु प्रयोक्ता को पुस्तकाध्यक्ष से सहायता की आवश्यकता क्यों होती है?

(1) अर्थपरक ढ़ंग से संबद्ध (2) मीमांसापरक संरचना

(3) असंतोषजनक संरचना (4) गलत जानकारी

**49.** पुस्तकालय तथा सूचना केंद्रों में ग्राहक सेवा सुधार हेतु क्या किये जाने की आवश्यकता है?

(1) प्रयोक्ता की आवश्यकता का आकलन (2) प्रयोक्ता अनुकूल प्रक्रियाएं

(3) कार्यनीतिक नीतियां (4) (1) और (2) दोनों

**50.** सिक्स सिग्मा के द्वारा पुस्तकालयों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ कैसे संभव है?

(1) सेवा की गुणवत्ता का आंकलन

(2) प्रयोक्ता आवश्यकताओं को महसूस करता है।

(3) आंकड़े संगठित करने हेतु उपकरणों एवं तकनीकों का सुझाव देता है।

(4) तदनुकूल सेवाएं प्रदान करता है।

- o 0 o -

prepp Your Personal Exam Guide